# बस्तियों के बीच खाली प्लाट बने मुसीबत

**खास बातें**
- कीमत बढ़ाने छोड़ रखे प्लॉट-जमीन
- नपा नहीं देती ध्यान, लोगों को रही परेशान



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 6 अगस्त, बस्तियों के बीच यहां लोग गोबर कचरा गंदगी पटकते हैं.जहरीले जीव जंतु यहां घूमते रहते हैं.उनका स्थाई बसेरा इन्हीं प्लाटों में बन गया है.बरसात में यह कचरा गंदगी गल जाती है.इससे पूरे क्षेत्र में बदबू फैली रहती है.लोगों का रहना मुश्किल हो गया है.इसके साथ गंदा कूड़ा कचरा हवा चलने पर घरों के अंदर प्रवेश कर जाता है.इसका उदाहरण वार्ड 3 नई बस्ती में देखा जा सकता है.यहां की निवासियों का कहना है कि बड़े साधन संपन्न लोगों ने जमीन खरीद कर छोड़ रखी है.**

कीमत बढ़ाने के लिए उक्त जमीन को छोड़ रखी है.बहुत अधिक कीमत मांगते हैं.इसके पीछे प्लाटों की कीमत बढ़ाना ही होता है.यहां गलियां भी सुरक्षित नहीं रहती.क्योंकि अनेक लोग ट्रैक्टर ट्राली खाली प्लाट में खड़े कर देते हैं. नाली को तोड़कर इसके साथ घटिया नाली घटिया सड़क का निर्माण होने के कारण टूटने में समय नहीं लगता वर्षों से कमीशन खोरी का खेल चल रहा है.यही कारण बनते हैं घटिया निर्माण के गरीब लोग इस पिछड़े बस्ती में नारकीय जीवन जी रहे हैं.गंदा पानी क्षतिग्रस्त पाइप से पहुंचता है नालियों की सफाई टूट-फूट के कारण ठीक से नहीं हो पाती खाली प्लाटों की गंदगी नालियों में सड़क पर फैली रहती है.लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है.वाहन पलटते रहते हैं.

**नेता भी ले चुके जायजा, स्थिति बनी ज्यों की त्यों**

सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, भाजपा नेता मनोज यादव, कई बार मौका मोआईना कर चुके हैं पार्षद के साथ. इसके बाद फिर ध्यान नहीं दिया. इस परिषद से बड़ी उम्मीद थी की वार्ड की समस्याओं का निराकरण हो जाएगा. प्रारंभ में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह परिषद गरीब बस्तियों में निर्माण कार्य करावेगी परंतु ऐसा नहीं हुआ, बड़े-बड़े निर्माण कार्य हुए हैं.इसमें कोई शक नहीं है और यह कार्य भी जरूरी थे.परंतु छोटे-छोटे कार्य भी होना चाहिए.उनकी उपेक्षा नहीं करना चाहिए. आम जनता की भावनाओं के अनुसार यह कार्य भी जरूरी है.अब परिषद के 2 वर्ष शेष रह गए हैं देखो क्या होता है.

**पार्षद कर चुके कई बार शिकायत**

इस संबंध में वार्ड 3 के पार्षद द्वारा नगर पालिका परिषद को पिछले तीन वर्षों से लगातार लिखित शिकायत की जा रही है.इंजीनियर तथा अधिकारियों का कहना है हम फाइल बना चुके हैं.कुछ गलियों के टेंडर भी हो चुके हैं.वर्षों पूर्व परंतु निर्माण कार्य शुरू करने की स्वीकृति किन्हीं कारणों के चलते नहीं दी जा रही है.सारी फाइलें अलमारी में रखी धूल खा रही है.जहां जरूरत नहीं है वहां सड़क के ऊपर सड़क का निर्माण किया जा रहा है और किया जा चुका है जहां बहुत जरूरत है वहां कार्य नहीं कराए जा रहे हैं हम कह सकते हैं.

# नटेरन में बेलगाम अधिकारी ने सचिव और रोजगार सहायक को मीटिंग में दीं गलियां

**सचिव एवं रोजगार सहायकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप सीईओ पर की कार्यवाही की मांग**



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन 6 अगस्त, जनपद पंचायत वैसे ही सुर्खियों में रहता है पर अभी नए-नए आए मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सचिव एवं रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा एवं ग्राम पंचायत पैरवासा के सचिव एवं रोजगार सहायक को उनकी गलती पर सभी के सामने समीक्षा बैठक में गाली दी गईं.जिससे जनपद पंचायत नटेरन के सचिव एवं रोजगार सहायकों ने एसडीएम को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरोध में ज्ञापन सौंपा ओर कड़ी कार्रवाई की मांग की.**

नटेरन जनपद पंचायत वैसे भी हमेशा भ्रष्टाचार हो या अन्य मामलों में चर्चित रहती है.उसमें नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सचिव एवं रोजगार सहायकों को अपमानजनक गालियां देकर घी शक्कर का काम कर दिया. जिससे होटल पर आज का विषय चर्चा में बना हुआ है कि नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अभी नटेरन में ज्वाइन किया एक सप्ताह भी नहीं बिता और वह यहां आते ही गलियां शुरू कर दी.

**एक नजर में**

**साकेत स्कूल में हुई गतका थांगता प्रतियोगिता**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** 69वीं जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा गतका एवं थांगता खेल की प्रतियोगिता का आयोजन साकेत शिशु रंजन सिविल लाइन में किया गया. जिसमें जिले से 130 खिलाड़ी सम्मिलित हुए जिसमें मुख्य अतिथि संतोष चतुर्वेदी जिला शिक्षा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया एवं प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ किया. इस कार्यक्रम में अंबेश सोनी ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी, प्राचार्य प्रकाश शर्मा साकेत शिशु रंजन स्कूल विदिशा, प्राचार्य मयंक शर्मा साकेत शिशु रंजन टीलाखेड़ी विदिशा, खेल शिक्षक शुभम सेन एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा. सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

**एसडीएम से मिले शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** ज्ञातव्य हो की विगत दिनों नगर शाला की प्रभारी शिक्षिका और स्व सहायता समूह संचालक के मध्य विवाद को लेकर समूह द्वारा प्रभारी की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी. मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा पूरे मामले की जानकारी ले कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एसडीएम विजय राय से मिले.एसडीएम द्वारा बड़ी गंभीरता से पूरी बात सुनकर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया. ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी,अमर सिंह तोमर, संजीव रघुवंशी,विनोद श्रीवास्तव, नीलम रघुवंशी, सुरेश शर्मा राजा कादरी ,संदेश मिश्रा लंपू राम अहिरवार ,नारायण सिंह रघुवंशी,संजय अहिरवार अरुण पांडे ,अरुण रघुवंशी आदि शामिल थे.



# चालक दर्शन करने गया मंदिर लौटकर देखा तो ऑटो चोरी

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** मां शीतला शक्ति दरबार के बाहर अपना ऑटो रिक्शा खड़ा कर अनिल रैकवार मंदिर में मां के दर्शन करने गया लौट कर आया तो देखा वहां पर ऑटो रिक्शा नहीं था उसने इधर-उधर पता लगाया परंतु ऑटो रिक्शा का पता नहीं लगा. रैकवार ने बताया कि 3 महीने पहले ही उसने यह ऑटो खरीदा था. अज्ञात व्यक्ति के नाम से उसने शिकायत भी की है.नगर में आए दिन मोटरसाइकिल तथा अन्य वाहनों की चोरी चिंता का विषय है.

# तनु अग्रवाल को मिला सिल्वर मेडल

**एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया गंजबासौदा का गौरव**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा एवं एनसीसी यूनिट की अंडर ऑफिसर तनु अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गंजबासौदा नगर, महाविद्यालय और पूरे अंचल का नाम रोशन किया है. हाल ही में रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित थल सेना कैंप ईजीसी-1 में मेप रीडिंग कैटिगरी में तनु ने सिल्वर मेडल हासिल कर यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन और परिश्रम से कोई भी शिखर दूर नहीं.**

इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने तनु को बधाई देते हुए कहा यह केवल महाविद्यालय की नहीं, बल्कि पूरे नगर की उपलब्धि है. तनु जैसी छात्राएँ नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं कि कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है.एनसीसी की इस सफलता के पीछे एमपी 14 बटालियन के अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता का मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिनके नेतृत्व में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई लगातार उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है.साथ ही एनसीसी प्रभारी मनीष दुबे के प्रशिक्षण व प्रेरणा से तनु जैसी छात्राएँ निरंतर आगे बढ़ रही हैं.विशेष बात यह है कि इस मेडल के साथ ही तनु को अब अगली चुनौती के रूप में प्री-थल सेना कैंप हेतु पुन: रायपुर आमंत्रित किया गया है. यह आमंत्रण न केवल उनके आगामी प्रशिक्षण की पुष्टि करता है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि वह गणतंत्र दिवस परेड या टीएससी जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य व देश का प्रतिनिधित्व कर सकती हैं.तनु अग्रवाल की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में गर्व और उत्साह का माहौल है, बल्कि समूचे गंजबासौदा शहर में भी प्रसन्नता की लहर है.समाज के विभिन्न वर्गों, शिक्षकों, सहपाठियों एवं अभिभावकों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं.

# पुलिस की तत्परता और पुत्र की सूझबूझ से बची जान

**ग्राम टेंकु में फांसी लगाने वाले व्यक्ति को समय पर मिली मदद**

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम टेंकु में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन पुत्र की समझदारी और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बच गई. मिली जानकारी के अनुसार, भगवान सिंह अहिरवार ने घर के कमरे में फांसी लगा ली थी. जब उनके पुत्र अनिकेत अहिरवार ने यह दृश्य देखा तो रस्सी काटकर भगवान सिंह को नीचे उतारा. जिसके बाद उसने तुरंत 100 डायल पर सूचना दी.**

सूचना मिलते ही आरक्षक वीरेंद्र धाकड़ ने मौके पर ही सीपीआर देकर उनकी सांसें वापस लाने का प्रयास किया. गंभीर हालत में भगवान सिंह को कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर संयम जैन ने प्राथमिक उपचार दिया और बेहतर इलाज के लिए विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया.डॉक्टर ने बताया कि फिलहाल मरीज खतरे से बाहर है.पुलिस की तत्परता से एक जिंदगी बच गई. इस त्वरित कार्रवाई में आरक्षक वीरेंद्र धाकड़ ,एफआरवी ड्राइवर जितेंद्र यादव ,होमगार्ड अभिषेक तिवारी सुनील का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# सीबीएसई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओलम्पस हाई के भविष्य ने जीता कांस्य पदक



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** भोपाल में हुए सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थी भविष्य भार्गव ने डिस्क्स थ्रो अंडर 19 के फाइनल में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता. स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बताया कि इस कड़े मुकाबले में जिसमें 50 से भी अधिक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया था. भविष्य भार्गव अपने प्रतिद्वंदी डेली कॉलेज इंदौर के अंगद और सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के दीपराज से बस कुछ ही सेंटीमीटर दूरी पर रहे और अपनी मेहनत के बल पर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया. स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने भी भविष्य को उनकी इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित कीं.

# पार्षद ने सीएमओ को सौंपा मांग पत्र, कहा जल्द हो सुनवाई



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** नगर परिषद कुरवाई के वार्ड क्रमांक 10 के निर्दलीय पार्षद इलियास मोहम्मद ने सीएमओ जाहिद अली को मांग पत्र सौंपा है.मांग पत्र के माध्यम से पार्षद ने मांग की है कि नगर परिषद कुरवाई की नल जलयोजना अन्तर्गत अटल बिहारी मंदिर के सामने एवं वार्ड में अन्य जगहों पर पाईप लाईन डालने के लिए खुदाई की गई थी.पाईपलाईन डलने के पश्चात सड़को का मरम्मत कार्य नहीं किया गया है जिसमें सड़क में 1-1 फिट के गड्ढे है. जिससे स्कूली बच्चो के वाहन पलटने का डर है.अन्य नागरिक, दुपाहिया वाहन, चार पाहिया वाहनों एवं मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदगी एवं कीचड़ की बजह से निकलने में परेशानी हो रही है. साथ ही इसी माह के अंत में गणेश उत्सव और आगामी माह में दुर्गा उत्सव जैसे बड़े त्यौहार आ रहे हैं इन त्योहारों में सड़कों से बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं का अब आगमन होगा और सड़कों में बने गड्डों के कारण मूर्तियां को कोई नुकसान ना हो और किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हो एवं निर्दलीय पार्षद इलियास मोहम्मद ने बताया कि रक्षाबंधन त्यौहार के बाद हिंदू धर्म के एवं जैन धर्म अनेकों व्रत और त्योहार आगामी माह में है जो सर्वाधिक वार्ड क्रमांक 10 में मनाए जाते हैं और अनेकों आयोजन होते हैं क्योंकि वार्ड क्रमांक 10 में बेतवा नदी का घाट एवं शहर के प्रमुख मंदिर स्थित है इसलिए उक्त सड़को की मरम्मत एवं खनवारे की सफाई जल्द से जल्द कराई जाए.

# कदम के रोपे 3 पौधे, आओ पौधा लगाएं का लिया संकल्प



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** पंचतत्व संरक्षण समिति के चल रहे अभियान हम सभी ने यह ठाना है, हर हाथ से पौधा लगाना है के अंतर्गत बरेठ रोड स्थित पन्ना मार्केट में नीम ओर कदम के 3 पौधे रोपित किए गए, जिनके संरक्षण की जवाबदारी वहीं के दुकानदारों ने ली द्य कदम का पौधा पंचतत्व ने उपलब्ध कराया, तथा नीम के पौधे वार्ड 6 के निवासी वीर सिंह रघुवंशी ने उपलब्ध कराए, ज्ञात हो इन्हीं जगह पर पहले भी पौधे लगाए गए थे पर किन्हीं कारणों से जिंदा नहीं रह पाए. उन्हीं कि चिंता करते हुए नागरिक बैंक अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने पंचतत्व समिति के साथ यह पौधे पुन: लगाए गए हैं.

इस अवसर पर पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी कहते हैं जहां पहले पौधे लगाए गए हों और पौधे किन्हीं कारणवश जिंदा नहीं रह पाए हो तो पंचतत्व वहां पुन: पौधा लगा सकती है.भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधक शमीम खान ने कहा पंचतत्व समिति बहुत पुनीत का कार्य कर रही है. सदैव समिति का सहयोग करते रहेंगे. इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रबंधक शमीम खान, नागरिक बैंक अध्यक्ष जितेंद्र दुबे, पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, डॉ. संकल्प साहू, मनोज झा, धनराज कुशवाह, लकी दांगी, गौरव गुप्ता, राहुल रघुवंशी उपस्थित थे.

**रक्षाबंधन पर मिल सकेंगी जेल में बहनें अपने भाइयों से**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** सब जेल गंजबासोदा में शासन और जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के दिन खुली मुलाकात दी जाएगी. 9 अगस्त प्रात: 9 से दोपहर 2 बजे तक बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेगी . इस दौरान केवल महिलाओ और छोटे बच्चो को को प्रवेश दिया जायेगा. पुरुषों की मुलाकात पुर्ण प्रतिबंधित रहेगी.बहने अपने साथ राखी और 250 ग्राम मिठाई साथ ला सकती हैं. रोरी चावल आदि जेल से उपलब्ध कराया जायेगा.घर से बने भोजन की अनुमति नहीं रहेगी.



# पुष्पेंद्र साहू तेलघानी बोर्ड के प्रतिनिधि बने

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** साहू समाज कुरवाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू को मध्य प्रदेश तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू ने कुरवाई विधानसभा के प्रतिनिधि पद पर नियुक्त किया है. साहू धर्मशाला कुरवाई में समाज बंधुओ के द्वारा उनका स्वागत किया गया जिसमें साहू समाज कुरवाई के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे.

**डर** — सुबह कुछ लोगों ने देखा, नगर में तेजी से फैली खबर

# स्तूप पहाड़ी पर तेंदुए की सुगबुगाहट से हड़कंप



**नवभारत न्यूज**

**सांची,प्रसिद्ध सांची स्तूप की पहाड़ी पर तेंदुआ देखे जाने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है.सुबह-सुबह स्तूप की सीढ़ी मार्ग पर कुछ लोगों ने एक तेंदुए के दिखाई देने का दावा किया, जिसके बाद यह सूचना नगर में आग की तरह फैल गई.स्तूप परिसर में तेंदुए की संभावित मौजूदगी को लेकर लोगों में डर का माहौल बन गया है.**

बताया जाता है कि कुछ लोग बताते हैं कि सुबह जब हम स्तूप की ओर सीढ़ियों से जा रहे थे, तभी झाड़ियों के पीछे कुछ हलचल सी हुई. ध्यान से देखने पर हमें कोई बड़ा जानवर दिखाई दिया, जो तेंदुए जैसा प्रतीत हो रहा था. इसके बाद हम तुरंत नीचे लौट आए और लोगों को जानकारी दी.हरियाली और घने जंगल से आच्छादित स्तूप परिसर में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं.वहीं शाम को लाइट एंड साउंड शो देखने वालों की भीड़ लगती है.ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी से आम लोगों से लेकर पर्यटकों और कर्मचारियों तक में दहशत फैलना स्वाभाविक है.

**ऐहतियात के तौर पर भेज रहे टीम-वन क्षेत्राधिकारी**

वन क्षेत्राधिकारी सर्जन सिंह मीना ने कहा कि पुरातत्व विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि हमें सूचना तो मिली है, पर अब तक कोई फोटो या पक्की पुष्टि नहीं हुई है. फिर भी हम सतर्क हैं और वन विभाग को जानकारी भेज रहे है.हमें अभी तक स्तूप प्रशासन से कोई सूचना नहीं मिली है. फिर भी एहतियात के तौर पर टीम भेजी जा रही है.इससे पहले भी इस क्षेत्र में तेंदुए और अन्य जंगली जानवर देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं.अब एक बार फिर ऐसी खबर ने सुरक्षा इंतजामों और प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.ऐसे पर्यटन स्थलों पर वन विभाग और प्रशासन को तत्काल जांच कर निगरानी बढ़ानी चाहिए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

# नपा अध्यक्ष ने माधवगंज स्कूल में बच्चों को वितरित की साईकिल



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** एकीकृत शासकीय हाई स्कूल माधवगंज 1 में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा स्कूल के बच्चों को साईकिल वितरण की गई.नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी साईकिल से लेकर बच्चों को स्कूटी दे रहे हैं.साथ ही स्कूल की प्राचार्य इंदु खरे ने स्कूल निमार्ण से संबंधित जर्जर भवन निमार्ण कार्यो के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष को जानकारी दी नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि जल्दी जर्जर भवन को मरम्मत कराया जाएगा और साथ ही नए कमरों के लिए निर्माण कार्य भी कराया जाएगा.इस दौरान वरिष्ठ नेता तीरथ प्रताप सिंह दरबार, स्कूल प्राचार्य इंदु खरे, समस्त स्कूल स्टाफ सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रही.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से